दिनांकः 07/02/2023

प्रकाशनार्थ

**जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट के अंतर्गत विवि में सपन्न हुई प्रतियोगिताएं**

**–श्रेष्ठ प्रतिभागियों की प्रविष्टियां राज्य स्तरीय चयन में शामिल होंगी**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत विद्यार्थियों में जागरूकता एवं सहभागिता के उद्देश्य से आज विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं की प्रविष्टियां राज्य स्तरीय मूल्यांकन के लिए भेजी जाएगी।

यह जानकारी देते हुए जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम के समन्वयक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि आयोजन श्रृंखला में श्सतत कृषि पद्धतियांश विषय पर आयोजित निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने शिरकत की जिसमें जयबाला पासवान प्रथम, विशाखा गुप्ता को द्वितीय और राहुल देव वर्मा को तृतीय पुरुस्कार के लिए चुना गया। अनु निषाद तथा हर्ष के निबन्ध को प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चुना गया। इसी प्रकार श भारतीय संस्कृति और नई जीवन शैलीश विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सौरभ राम त्रिपाठी को पहला, निदा फातिमा को दूसरा और आयुष शुक्ला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। आर्य त्रिपाठी, निष्ठा पांडेय और पल्लवी पांडेय को प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चुना गया।

वसुधैव कुटुम्बकम थीम पर केंद्रित पेंटिंग प्रतियोगिता मे महिमा मिश्रा पहले, निशा सिंह दूसरे तथा निशा साहनी तीसरे स्थान पर रहीं। अभिषेक जायसवाल और अनामिका को प्रोत्साहन पुरस्कार हेतुचुना गया।

रंगोली प्रतियोगिता में निधि जायसवाल को प्रथम, सचिन निषाद को द्वितीय तथा उमा भारती को तृतीय स्थान मिला जबकि निधि पासवान और अंकिता पटेल को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चुना गया।

प्रतियोगिताओं के संयोजन का उत्तरदायित्व शासन द्वारा नामित जी 20 एम्बेसडर डॉ रामवन्त गुप्ता एवं डॉ मनीष प्रताप सिंह ने निर्वहन किया। प्रो उषा सिंह, प्रो सुधीर कुमार, प्रो वी एस वर्मा, प्रो गौरहरि बेहरा, डॉ रंजन लता, डॉ मनीष पांडेय, डॉ गौरीशंकर चौहान, डॉ श्रद्धा शुक्ला, डॉ प्रदीप राजौरिया, डॉ राजवीर सिंह चौहान, डॉ डी के दुबे तथा डॉ अलीमुल इस्लाम ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान किया।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur